BULANDSHAHR POLICE

दिनांक – 28 अगस्त, 2024 **थाना स्याना**

01 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का मोबाईल व अवैध असलहा कारतूस बरामद।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 27/28-08-2024 की रात्रि में थाना स्याना पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर पशु पैठ से एरोमा को जाने वाले बम्बे के पास से एक शातिर चोर को चोरी किये गये मोबाईल व अवैध असलहा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना स्याना पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. कासिम पुत्र इरशाद निवासी मौ0 अकबराबाद कस्बा व थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी का विवरणः-

1. 01सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल(चोरी का)
2. 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपने एक अन्य फरार साथी के साथ मिलकर दिनांक 25.08.2024 को थाना स्याना क्षेत्रान्तर्गत हापुड प्राइवेट बस स्टैण्ड से एक व्यक्ति से मोबाइल चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना स्याना पर मुअसं- 341/24 धारा 303(2),317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री प्रेमचन्द शर्मा प्रभारी निरीक्षक स्याना
2. उ0नि0 विपिन कुमार
3. है0का0 अमित भडाना, का0 रूप सिंह,का0 सुरेन्द्र सिंह

मीडिया सेल, बुलंदशहर